हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार 6 जनवरी 2026

12 विधायक ने कस्बे की जनता को दी विकास



12 एनएसएस इकाई ने लिया नशा मुक्त समाज




## खबर संक्षेप

### वृद्धों की पेंशन से वंचित करने पर प्रदर्शन 9 को

**बाढ़ड़ा।** उपमंडल के बुजर्ग व अन्य योग्य लाभपात्रों की अलग - अलग शर्ते लगाकर पेंशन सूचि से नाम बाहर करने पर भाकियू ने कड़ा रोष प्रकट किया है और 9 जनवरी को किसान भवन में बैठक आयोजित कर एसडीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजने का फैसला लिया है। यह जानकारी भाकियू अध्यक्ष हरपाल सिंह भांडवा व महासचिव ओमप्रकाश उमरवास ने दी।

### विभिन्न श्रेणियों के लिए आवेदन किए आमंत्रित

**भिवानी।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग, अंत्योदय (सेवा) विभाग द्वारा अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न श्रेणियों के लिए 12 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। राज्य सरकार की योजनाओं के अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न श्रेणियों में 20 हजार से एक लाख रुपये तक के पुरस्कार दिए जाएंगे। डीसी साहिल गुप्ता ने बताया कि आवेदनकर्ता को अपना आवेदन ऑनलाइन वेबसाइट सोशलजस्टिसएचआरवाई.जीओवी.इन पर करवाकर जिला समाज कल्याण विभाग के कार्यालय में जमा करवाने होंगे तथा पुरस्कार की राशि, पात्रता की शर्ते व स्कीम की विस्तृत जानकारी वेबसाइट से ली जा सकती है।

### भक्ति, सेवा व समरसता का विराट संगम आज

**भिवानी।** दादरी गेट ढाना रोड स्थित मिर्दावना जोहड़ के समीप श्री श्री 1008 गुरु दादा शंकर नाथ डेरा में श्री श्री 1008 दादा गुरु शंकर नाथ की आठवीं बरसी के पावन अवसर पर धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक आयोजनों की श्रृंखला श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ निरंतर जारी है। डेरा संचालक महंत नारायण नाथ ने बताया कि 6 जनवरी को गुरु बरसी के उपलक्ष्य में विशाल भंडारा, रक्तदान शिविर एवं संत समागम का आयोजन किया जाएगा।

### आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए आवेदन मांगे

**चरखी दादरी।** भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से सुभाष चन्द्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। व्यक्तियों और संगठनों के अमूल्य योगदान और निस्वार्थ सेवा भाव को पहचानने और सम्मानित करने के लिए सुभाष चंद्र बोस आपदा प्रबंधन पुरस्कार के नाम से वार्षिक पुरस्कार दिया जाता है।

### कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी कल तोशाम में

**तोशाम।** महिला एवं बाल विकास विभाग तथा सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी 7 को तोशाम में यह जानकारी देते हुए गांव मनसरवास के सरपंच प्रतिनिधि एवं श्रुति चौधरी समर्थक कुलदीप पटवारी ने बताया कि 7 जनवरी को कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी तोशाम आ रही है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी तोशाम स्थित चौधरी सुरेंद्र सिंह मेमोरियल हर्बल पार्क के नजदीक नवनिर्मित नेक्स्ट लवल शोरूम का बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ करेंगी।

### ट्रैक्टर पर अनुदान के लिए आवेदन आमंत्रित

**चरखी दादरी।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के किसानों को ट्रैक्टर पर अनुदान उपलब्ध करवाया जा रहा है। कृषि विभाग द्वारा अनुसूचित जाति श्रेणी के किसानों को 45 एचपी और इससे अधिक के ट्रैक्टरों पर 3 लाख रुपये तक का अनुदान दिया जाएगा। किसान मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकृत हो तथा किसान के पास कृषि भूमि का स्वामित्व होना चाहिए।

## रखरखाव की कमी के चलते अव्यवस्था का बोलबाला

# बदहाली के आंसू बहा रहा लघु सचिवालय, लगे कूड़े के अंबार







**भिवानी।** सचिवालय में रखे जरनेटर के पास उगे खरपतवार व जरनेटर के साथ उगे झाड़ियां व सचिवालय परिसर में पड़ा कचरा। फोटो : हरिभूमि

**सफाई के नाम पर केवल खानापूर्ति ही हो रही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

जिले का प्रशासनिक केंद्र लघु सचिवालय इन दिनों बदहाली के आंसू बहा रहा है। जहां से पूरे जिले की व्यवस्थाएं संचालित होती हैं, वहीं अब गंदगी और रखरखाव की कमी के चलते अव्यवस्था का बोलबाला है। परिसर में अनेक जगहों पर कचरे के ढेर लगे है। जो कि शहर की स्वच्छता की ओर मुंह चिढा रहे है। यही हॉल जरनेटरों का है। बिना देखभाल के जिस जगह पर जरनेटर रखा गया है। वहां पर झाड़ झंखाड़ उग आए है। जिसके चलते हमेशा किसी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। कहने को तो यहां पर रोजाना सफाई होती है,लेकिन जिस हिसाब से कचरा व खरपतवार उगे है। उससे साबित हो गया है कि सफाई के नाम पर केवल खानापूर्ति ही हो रही है। हैरानी की बात यह है सचिवालय परिसर में पूरा प्रशासनिक अमला बैठता है। ऐसे में अगर इस जगह पर सफाई नहीं हुई तो अन्य जगहों की सफाई व्यवस्था का अनुमान अपने आप ही लग सकता है। दूसरी तरफ इस गंभीर मुद्दे को लेकर पूर्व जिला पार्षद ईश्वर सिंह मान ने सोमवार को समाधान शिविर में उपायुक्त को पत्र सौंपकर कड़ा रोष प्रकट किया है।

**समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन**

पूर्व पार्षद ईश्वर मान ने समाधान शिविर में शिकायत सौंपते हुए बताया कि लघु सचिवालय में उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, एसडीएम, एसपी और डीडीपीओ जैसे महत्वपूर्ण प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यालय हैं। यहां रोजाना जिले भर से हजारों नागरिक अपने कार्यों के लिए आते हैं। मान ने कहा कि सचिवालय में काफी दिनों से सफाई नहीं हुई है। कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। न्यायपालिका परिसर और वकीलों के चैंबरों के आसपास भी हालात खराब हैं। ऐसे में आम जनता और कर्मचारियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

**कबाड़ में तब्दील हो रहा जनरेटर**

सफाई के अलावा मान ने सचिवालय परिसर में स्थित सरकारी संपत्ति के नुकसान की ओर भी ध्यान दिलाया है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त कार्यालय के पीछे लगे तीन बड़े जनरेटरों में पेड़-पौधे उग आए हैं। यदि समय रहते इनकी सफाई और देखभाल नहीं की गई, तो ये कीमती मशीनें खराब हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्री दफ्तर के पास लगा एक अन्य जनरेटर लगने के बाद से कभी इस्तेमाल ही नहीं किया गया। उचित रख-रखाव के अभाव में यह कबाड़ में तब्दील होने की कगार पर है। ईश्वर सिंह मान ने प्रशासन से मांग की है कि लघु सचिवालय की गरिमा को ध्यान में रखते हुए यहां प्रतिदिन गहन सफाई अभियान चलाया जाए और बंद पड़े जनरेटरों की तुरंत मरम्मत व सर्विस करवाई जाए ताकि सरकारी धन की बर्बादी को रोका जा सके।

## शहरवासियों ने दी रोड जाम की चेतावनी

# चरमराई सीवरेज व्यवस्था को लेकर टैक्सी स्टैंड के दुकानदारों ने किया प्रदर्शन

- सड़क पर फैले दूषित पानी से लोग परेशान
- प्रशासन शिकायत पर ध्यान नहीं दे रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा



**बवानीखेड़ा।** गंदे पानी की निकासी की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए। फोटो : हरिभूमि

बवानी खेड़ा के शहीद गुलाब सिंह पार्क के पास से लेकर सामान्य अस्पताल तक मुख्य मार्ग पर सीवरेज के ढक्कनों से गंदगीनुमा पानी निकलने से लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। जल्द समाधान न होने पर शहरवासियों ने रोड़ जाम के संदेश दिया। टैक्सी स्टैंड से निजी वाहन चालकों, दुकानदारों, आमजन में कुलदीप, रमन, मामन, रिंकू, राजेश, बबलू, बलबीर, राधेश्याम, महेश, संजय छाबड़ा आदि ने बताया कि पिछले लगभग 6 माह से सीवरेज का मुख्य मार्ग पर बुरा हाल है। लोगों का निकलना दुभर हो गया है। फुटपाथ पर सब्जी बेचने वाले लोगों को एक तरफ दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तो वहीं दूसरी और आमजन को मुंह ढ़ांपकर चलना पड़ता है। दुकानदार अपनी दुकानों पर बैठ नहीं सकते। वहीं टैक्सी स्टैंड के सामने सीवरेज की दिक्कत नहीं थी लेकिन विभाग द्वारा ढक्कन को तलाशने के लिए करोड़ों की सड़क को उधेड़ दिया और सीवरेज के गंदे पानी से समस्या और बढ़ गई। विभाग ने मुड़कर इसकी सुध तक नहीं ली है। लोगों की मानें तो विभाग अगर सुध लेता तो इस समस्या का समाधान हो चुका होता लेकिन विभाग ने इसकी तरफ मुड़कर तक नहीं देखा जिससे उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# हालुवास गेट पर सीवरेज ठप

**भिवानी।** सोमवार को जन संघर्ष समिति भिवानी के नेतृत्व में लोगों ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के आला अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। यहां के नागरिक पिछले दिनों से काफी परेशान हैं और उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। कामरेड ओमप्रकाश व स्थानीय महिलाओं ने बताया कि गली नीची पडने व सीवरेज व्यवस्था ठप्प होने के कारण गली में पानी भरा रहता है तथा आने जाने में वृद्ध महिलाओं व स्कूली बच्चों को भारी मुसिबतों का सामना करना पड़ रहा है। हद तो यह है कि बार-बार शिकायत करने पर भी विभाग के अधिकारी व नगर परिषद उनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। रास्ते में गंदगी भरने से सुमन नाम की महिला को गिरने से भारी चोट लगी। गली वासियों का कहना है कि स्थानीय विधायक व नगर परिषद चैयरपर्सन प्रतिनिधि ने नारियल फोड़कर नई गली बनाने व सीवरेज व्यवस्था दुरस्त करवाने के लिए उद्घाटन भी किया था, परंतु उसके बाद वे इसे भूल गए। कामरेड ओमप्रकाश ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के एसडीओ सूरज प्रकाश से टेलिफोन पर बात की और ठप्प सीवरेज को पूरी तरह साफ करवाने को कहा उन्होंने आश्वासन दिया कि वे क्षेत्र का दौरा करके इसकी सफाई करवाएंगे। इस दौरान वार्ड के पार्षद अनिल मास्टर भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने शीघ्र गली ऊंची उठवाने, सीवरेज व्यवस्था ठीक करवाने व गली में रात को लाईट व्यवस्था करवाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर किसान नेता रामफल देशवाल, प्रताप सिंह सिंहमार, गलीवासी कृष्णा, कमला, लिछमी, राज, कविता, बीरमति, सुमन, निशा, चंद्र, अनिता आदि मौजूद रहे।




**भिवानी।** पानी की निकासी की मांग को लेकर नारेबाजी करते हुए।

# छात्रा आत्महत्या मामले ने फिर पकड़ा तूल

- लोगों ने प्रदर्शन कर सौंपा एसडीएम को ज्ञापन, मामले की सीबीआई जांच की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू




**लोहारू।** एसडीएम को ज्ञापन सौंपते सामाजिक संगठन के लोग।

करीब एक वर्ष पहले सिंघानी के शारदा महिला महाविद्यालय में पढ़ने वाली गांव फरटिया निवासी युवती के आत्महत्या मामले ने एक बार फिर तूल पकड़ लिया है। सोमवार को कई सामाजिक संगठनों के लोगों ने शहर में प्रदर्शन किया और इस मामले अब तक की पुलिस कार्रवाई पर असंतोष जाहिर करते हुए एसडीएमबके माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्रीबके नाम ज्ञापन प्रेषित कर मामले की सीबीआई से जांच करवाने की मांग की।

जानकारी के अनुसार गांव फरटिया निवासी छात्रा दीक्षा गांव सिंघानी के एक निजी महाविद्यालय में स्नातक की पढ़ाई कर रही थी। उक्त छात्रा ने एक वर्ष पहले अपने घर पर आत्म हत्या कर ली थी और परिजनों ने महाविद्यालय प्रबंधन पर छात्रा दीक्षा को फीस के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। परिजनों का यह भी आरोप था कि महाविद्यालय प्रबंधन ने छात्रा को परीक्षा में भी बैठने नहीं दिया था। जिससे परेशान होकर छात्रा दीक्षा ने परेशान होकर मौत को गले लगा लिया। उक्त महाविद्यालय वर्तमान कांग्रेसी विधायक राजबीर फरटिया का बताया जाता है और प्रबंधन कमेटी में रिश्तेदार शामिल हैं। उस वक्त भी मामले ने काफी तूल पकड़ा था और पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी भी की थी। इस मामले में महिला आयोग ओर पुलिस प्रशासन ने राजबीर फरटिया से पूछताछ भी की थी। यही नहीं एससी आयोग भी एक मामले में आगे आया था।

**शहर में किया प्रदर्शन**

एक बार फिर यह मामला तूल पकड़ता नजर आ रहा है। मृतका बेटी के पिता जगदीश, रामकिशन, भरतराम, विजय गुरावा, प्रदीप, एडवोकेट रजत कलसन सहित अनेक लोगों ने शहर में प्रदर्शन कर एसडीएम मनोज दलाल के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन देकर इस मामले की सीबीआई जांच करवाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा कि 7 दिनों के भीतर यदि मामले की सीबीआई जांच नहीं की गई तो आंदोलन को तेज किया जाएगा। मृतका के परिजनों ने पुलिस जांच पर भी सवाल खड़े किए हैं। परिजनों का कहना है कि जब मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को सजा मिलेगी तभी मृतका और उनको न्याय मिल पाएगा।

# चाय के होटल में पांच दिन में दूसरी वारदात, बदमाशों ने तोड़फोड़ की

**सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके की जांच की व लोगों से पूछताछ की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहल

कस्बे के रामलीला मैदान में स्थित एक चाय के होटल में पांच दिन के अंतराल में दूसरी बार वारदात हुई। रविवार की रात अज्ञात लोगों ने दुकान में तोड़-फोड़ कर सामान क्षतिग्रस्त कर दिया।

उक्त लोगों ने दुकान का ताला तोड़ने की भी कोशिश की पर वे कामयाब नहीं हुए। इससे पहले 31 दिसंबर की रात को चोरों ने इसी दुकान से ताला तोड़कर करीब छह हजार रुपये की नगदी चुरा ली थी। कस्बे के विनोद जावला की रामलीला मैदान में श्री अलख कृष्ण टी स्टाल के नाम से चार की दुकान है। रविवार की रात करीब सात बजे वह दुकान का सामान सही तरीके से लगाकर दुकान बंद कर घर गया था। सोमवार सुबह आकर जब उसने देखा तो दुकान के आगे रखा सामान में तोडफ़ोड़ की हुई मिली। दुकान की टाइलें तोड़ रखी थी व सामान बिखरा रखा था। दुकानदार ने बताया कि दुकान का ताला भी तोडऩे का प्रयास किया गया हुआ था पर ताला टूट नहीं सका। दुकानदार ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी जिस पर पुलिस ने मौके की जांच की व लोगों से पूछताछ की। दुकानदार ने बताया कि उसकी दुकान में 31 दिसंबर की रात को भी वारदात हुई थी। एक जनवरी को जब उसने सुबह दुकान खोली तो उसे दुकान के दोनों ताले टूटे मिले थे। दुकान के बाहर वाले गल्ले में रखे 400 रुपये व अंदर के गल्ले में रखे करीब 6 हजार रुपये नदारद मिले। सूचना पर पुलिस ने मौके की जांच की थी और आरोपियों की तलाश का आश्वासन दिया था।

**बंद मिले पंचायत के सीसीटीवी कैमरे**

रामलीला मैदान में चाय के होटल में पांच दिन के अंतराल में दो बार हुई वारदात में आरोपियों की पहचान हो सकती थी क्योंकि होटल के सामने लगे पोल पर पंचायत द्वारा सीसीटीवी कैमरे लगाए हुए है। पर, काफी समय से ये कैमरे बंद पड़े हैं और पंचायत द्वारा इनको सही नहीं करवाया गया। यह कस्बे का मुख्य चौक है और सुरक्षा के लिहाज से यहां सीसीटीवी कैमरों का चालू हालत में होना बेहद जरूरी है। घटना के बाद पंचायत द्वारा आश्वासन दिया गया है कि सोमवार शाम तक इन कैमरों को सही करवा दिया जाएगा।

## परेशानी: खरीफ की फसल पानी में डूबी, रबी की नहीं हो पाई बिजाई

# पांच दिन बाद भी नहीं निकला खेतों में जमा बारिश का पानी

**गांव लोहारी जाटू के किसान अपने खेतों तक भी नहीं पहुंच पा रहे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



**भिवानी।** गांव लोहारी जाटू के खेतों में जमा बारिश का पानी। फोटो : हरिभूमि

भारी बारिश को हुए करीब 127 दिन का समय बीत गया,लेकिन अभी भी पानी की बर्बादी का दंश लोग झेल रहे है। हालात ये है कि आसमान से बरसा पानी आज भी खेतों में जमा है। इस माह में कपास की फसल खतम हो चुकी होती है,लेकिन जलभराव की वजह से आज भी खेतों में रूई युक्त कपास की फसल है,पानी की वजह से कपास की चुनाई नहीं हो पाई है। इस दरम्यान सरकार से जुड़े राजनेताओं ने पानी की निकासी, बर्बाद फसलों का मुआवजा दिलाए जाने के लाख दावे किए,लेकिन इतना समय बीतने के बाद आज तक पीड़ितों को एक फुटी कौड़ी भी हाथ नहीं लगी। यहां तक कि जिन किसानों ने अपनी फसलों का बीमा करवाया हुआ था। उन किसानों को भी मुआवजा के नाम पर एक पैसा तक नहीं मिल पाया है। खरीफ फसल पूरी तरह से खतम हो चुकी है और रबी फसल की बिजाई भी नहीं हो पाएगी। ऐसे में किस तरह से धरती पुत्र परिवार का पालन व पोषण कर पाएंगे। हालात ये बने है कि बवानीखेड़ा के गांव लोहारी जाटू के किसान आज भी अपने खेतों तक भी नहीं पहुंच पा रहे है। चूंकि उन खेतों में एक से डेढ फुट तक पानी जमा है। ऐसे में किस तरह से वे अगली फसल की बिजाई कर पाएंगे। उक्त गांव की करीब 2 हजार एकड़ में अभी भी बारिश का पानी जमा है। जिस वजह से कपास के पौधें रूई सहित खेतों में है। अपनी मेहनत को पानी में देख कर किसान की आंखों में पानी बहने लगता है। खैर अब किसान ने भगवान के भरोसे छोड़ दिया है। क्योंकि पानी की निकासी हो नहीं पा रही है ।

**न मुआवजा मिला और न ही बीमा का क्लेम**

जिस वक्त आसमान से आफत बरसी थी। उस वक्त सरकार ने बर्बाद फसलों के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोल दिया। किसानों ने बर्बाद फसलों का पंजीकृत कर दिया। जिन किसानों ने अपनी फसलों का बीमा करवाया हुआ था। उन किसानों ने कम्पनी से सम्पर्क किया। उस वक्त सरकारी एजेंसी ने किसानों को मुआवजा व राहत दिलाए जाने का भरोसा दिलाया था,लेकिन तीन माह का समय बीतने के बाद भी उनको न तो मुआवजा मिल पाया और न ही उनको बीमा क्लेम मिला है। ऐसे में वे किस तरह से किसान अपने परिवार का पालन पोषण कर पाएंगे।

# सैनिक कैंटीन को ढिगाव मंडी रोड पर शिफ्ट किया

- सैनिक कैंटीनों के माध्यम से भूतपूर्व सैनिकों, परिजनों को आधुनिक स्तर की सुविधाएं मिलेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढड़ा

उपमंडल स्तर पर संचालित ईएसएम सैनिक कैंटीन का सोमवार को कस्बे के ढिग़ावा मंडी रोड स्थित बड़े कार्यालय में शिफ्ट किया गया हैं जहां पर नई सुविधाएं भी आरंभ की जाएंगी।

उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने कहा कि सेना में भर्ती होना या उसके किसी तरह का जुड़ाव होना ही गौरव की बात है। यह बात ईएसएम सैनिक कैंटीन बाढड़ा प्रबंधक कैंटीन लेफ्टिनेट मनोज तंवर की अध्यक्षता में ईएसएम सैनिक कैंटीन के वाइस चेयरमैन एके सिंह व डायरेक्टर ईएसएमसी आरपीएम पंघाल ने नई कैंटीन भवन का उद्घाटन करते हुए कही। उन्होंने तीन युद्धों में अग्रणी रहे कप्तान लक्ष्मीनारायण कुब्जानगर से फीता कटवाया तथा उनके पुत्र व पोते सहित सेना में कैप्टन बनकर सेवाएं देने के उनकी चार पीढ़ियों से सेवाएं देने पर अभिनंदन किया। इस अवसर पर उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिजनों की समस्याएं सुनीं।

**भारतीय सेना मजबूत**

कैंटीन के डायरेक्टर ईएसएमसी आरपीएम पंघाल ने कहा कि रक्षा मंत्रालय सैनिकों, भूतपूर्व सैनिकों व उनके स्वजनों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रही है जिससे अब उनको घर के समीप ही सभी तरह की सुविधाएं सुलभ तरीके से मिल रही हैं। भारतीय सेना विश्व की सबसे मजबूत व आत्मनिर्भर सेना है। सबसे अधिक गर्व की बात है कि इस क्षेत्र के हर घर से कोई न कोई सेना में भर्ती होकर देशसेवा में जुटा है।

हरिभूमि सहेली



आज हर कोई प्रोग्रेसिव कहलाना चाहता है, यह भी चाहता है कि वह पॉजिटिव पर्सनालिटी पाए। यह एक अच्छी बात है, लेकिन इसके लिए अपनी खूबियों के साथ अपनी सीमाओं को भी समझें। ऐसा व्यवहार न करें, जिससे लोग हर्ट फील करें। आप अपने सधे व्यक्तित्व के साथ अपना व्यवहार, अपनी भाषा शालीन रखें। सोच पॉजिटिव रखें। अपनी अट्रैक्टिव-प्रोग्रेसिव पर्सनालिटी के लिए आप और कौन से गुण अपनाएं, जानिए।

# ऐसे बनेगी पर्सनालिटी अट्रैक्टिव-प्रोग्रेसिव

कवर स्टोरी

डॉ. मोनिका शर्मा

इस नए दौर में प्रोग्रेसिव होने का अर्थ मन की करने और कुछ अलग तरह के खुलेपन को जीने के अंदाज से जोड़कर देखा जाता है। ऐसे में कई बार प्रगतिशीलता संग अहंकार का भाव भी जुड़ जाता है, जिससे मन ही नहीं, जीवन भी कई उलझनों में घिर जाता है। यही वजह है कि पर्सनल स्पेस को मनचाहे ढंग से जीने और प्रोग्रेसिव होने की राह में कुछ गलतियों से बचना जरूरी है। आज के दौर में महिलाओं को सजग-सशक्त व्यक्तित्व बनाने की राह पकड़ने के मोर्चे पर भी सोच-समझकर डटना होता है। यह समझ, सिर्फ ऊर्जा ही नहीं बचाती है, दिशाहीन भी नहीं होने देती। अभिमान के घेरे में लाने के बजाय मानवीय अनुभूतियों से जोड़े रखती है। महिलाओं को समझना होगा कि यह संतुलन ही सही मायने में स्वतंत्र और प्रभावी अस्तित्व गढ़ने जैसा है। प्रोग्रेसिव पर्सनालिटी के लिए हर आयुवर्ग की महिलाएं कुछ बातें जरूर अमल में लाएं-

## भाषा की सभ्यता ना भूलें

चिंतनीय है कि प्रोग्रेसिव होने के नाम पर अब बहुत से लोग भाषाई मर्यादा को भूल जाते हैं। अभिव्यक्ति की आजादी की दुहाई देते हुए अजब-गजब भाषा बोलने लगते हैं। उपहास उड़ाने वाले अपमानजनक शब्द घर-परिवार में भी बोले-सुने जा रहे हैं। तकलीफदेह है कि रील वीडियो से लेकर आम जिंदगी तक महिलाएं भी अभद्र शब्दों का धड़ल्ले से इस्तेमाल कर रही हैं। असभ्य शब्दों का यह घेरा मॉडर्न ट्रेंड या प्रोग्रेसिव होने के नाम पर कस रहा है। जिसके चलते पॉजिटिव सोच और सधे व्यक्तित्व के मायने ही गुम हो रहे हैं। प्रोग्रेसिव होने के नाम पर असभ्य भाषा बोलने से बचें। प्रगतिशील बनने के लिए नकारात्मक शब्दों की आवश्यकता नहीं होती। न ही किसी का अपमान या उपहास करने की। अच्छे और सधे शब्दों में भी विरोध जताया जा सकता है। किसी बात की शिकायत की जा सकती है। हंसी-मजाक करने के लिए भी असभ्य भाषा की जरूरत नहीं होती। न ही अपना रुतबा दिखाने के लिए नकारात्मक भाषा बोलना जरूरी है। अपने शब्दों को लेकर सजग रहना, इंप्रेसिव पर्सनालिटी का सबसे अहम पहलू है। इसीलिए भाषा की सभ्यता कभी ना भूलें।

### बनाएं पॉजिटिव पर्सनालिटी

**आप चाहती** हैं कि पॉजिटिव पर्सनालिटी पाएं तो इसके लिए अपनी खूबियों के साथ अपनी सीमाओं को समझना भी जरूरी है। विचार हों या व्यवहार, किसी के दिल को ठेस पहुंचाना आपको मजबूत नहीं बनाता। दूसरों का मजाक उड़ाने की प्रवृत्ति का आपके



आत्मविश्वास से कोई लेना-देना नहीं होता। देखने में आ रहा है कि सोशल मीडिया कंटेंट से लेकर सड़क तक बहुत सी महिलाएं, घमंड को ही कॉन्फिडेंस समझ रही हैं। बहुत सी युवतियों में दूसरों के विचारों का सम्मान करने की सोच से दूरी बढ़ रही है। 'मैं ही सही हूं' की सोच स्त्री-पुरुष किसी के लिए सही नहीं कही जा सकती। पॉजिटिव पर्सनालिटी के बहुत से अच्छे गुणों में फ्लेक्सिबिलिटी और एडॉप्टिबिलिटी दोनों ही अहम और जरूरी गुण हैं। दिनचर्या में सहज स्वीकार्यता और समझ भरे व्यवहार से जुड़ी ऐसी बातें, आपकी भावनाएं भी बदलने लगती हैं। मन और जीवन दोनों पॉजिटिव बनने लगते हैं।

## जुड़ाव और बंधन का फर्क समझें

हर परंपरागत चीज बंधन नहीं है। कामयाबी की खुशी अपनों के साथ और बढ़ जाती है। हर मामले में ही बड़ों की समझाइशें पुरानी सोच नहीं होती हैं। अभिभावकों की सहज रोक-टोक जीवन की जद्दोजहद के प्रति सजग करने वाला स्नेह भी माना जा सकता है। मौजूदा दौर में हर जुड़ाव को बंधन मानने की सोच बढ़ रही है। छोटी-छोटी बातों के प्रति भी स्वीकार्यता नहीं दिखती। तकलीफदेह है कि यह बर्ताव बहुत-सी गलतियां करने के रास्ते खोलने वाला साबित होता है। यह न भूलें कि अपनों के साथ सधा-सा गठजोड़ खुद आपके ही जीवन को सही दिशा देता है। आपका आत्मविश्वास बढ़ाता है। अनुभवी अपनों का मार्गदर्शन सही निर्णय ले पाने की बुनियाद बनाता है।

## विश्वास हो, अंधविश्वास नहीं

यह हैरान ही नहीं बेहद परेशान करने वाली बात है कि आज सजग-शिक्षित युवतियां आपराधिक मामलों में ज्यादा फंस रही हैं। कहीं अपने अतिवादी बर्ताव के कारण खुद अपराध की राह पकड़ रही हैं तो कहीं अंधे विश्वास के कारण दूसरों के बिछाएं जाल में फंस रही हैं। ऐसे में दूसरों पर आंख मूंद कर यकीन करने को सही मायने में प्रगतिशील होना तो नहीं कहा जा सकता। आधुनिकता के नाम पर बिना जाने-समझे लिव इन रिश्तों में ऐतबार कर जान गंवाने वाली युवतियां हों



या वैवाहिक जीवन को सही ढंग से जाने, जिए बिना खारिज कर देने वाली बेटियां। न तो अपनी पूर्वाग्रह भरी सोच पर विश्वास करना सही होता है, ना ही बिना दायित्वबोध वाले रिश्तों को जीना। इस बात को हम समझें कि आपसी विश्वास के बिना परिवार और समाज नहीं चल सकता। परिचितों-अपरिचितों का अनकहा-सा भरोसा ही तो पूरे परिवेश को जोड़ता है। ❁

# जब ऑफिस में बढ़ने लगे स्ट्रेस

कॉरपोरेट ऑफिसेस में वर्क लोड इतना बढ़ चुका है कि महिलाएं भी इससे अछूती नहीं हैं। बढ़े हुए वर्क लोड की वजह से वे मेंटल स्ट्रेस में रहती हैं, इसका असर इनकी मेंटल हेल्थ पर पड़ता है। इससे वर्किंग वूमेन कैसे बचें, बहुत जरूरी सलाह।

वर्किंग वूमेन

निकिता चौहान



आज कॉरपोरेट सेक्टर में वर्कलोड इतना अधिक बढ़ चुका है कि इसका असर मेंटल हेल्थ पर भी पड़ने लगा है। ऑफिस स्ट्रेस से न सिर्फ प्रोडक्टिविटी कम होती है, मेंटल हेल्थ के साथ रिश्तों पर भी नेगेटिव असर पड़ता है। ऐसे में अपनी मेंटल हेल्थ का ख्याल रखना उतना ही जरूरी है, जितना ऑफिस में अपनी जिम्मेदारी निभाना। आप कुछ सरल आदतें अपनाकर अपना स्ट्रेस नियंत्रित कर सकती हैं।

## हेल्दी रुटीन बनाएं

दिन की शुरुआत रोजाना तय समय पर करें और एक बैलेंस रुटीन अपनाएं। नियमित समय पर उठना, निश्चित समय पर खाना और सोना शरीर और मन दोनों को स्थिरता देता है। इससे आपका मानसिक तनाव भी कम होता है।

## पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं

डिहाइड्रेशन शरीर में थकान, चिड़चिड़ापन और ध्यान की कमी बढ़ाता है। ऑफिस में काम करते हुए हर एक-डेढ़ घंटे में पानी पीने की आदत डालें। यह स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। इससे स्ट्रेस भी कम होता है।



## अच्छा स्लीप रूटीन अपनाएं

सात-आठ घंटे की नींद मेंटल हेल्थ के लिए जरूरी है। सोने से पहले स्क्रीन टाइम कम करें, कैफीन से बचें और शांत वातावरण में सोएं। अच्छी नींद तनाव को काफी कम करती है।

## डीप ब्रीदिंग-माइंडफुलनेस प्रैक्टिस करें

पांच से दस मिनट की गहरी सांस लेने की तकनीक या माइंडफुलनेस एक्सरसाइज तुरंत तनाव कम करती है, इससे दिमाग शांत रहता है। ऑफिस के बीच में भी दो मिनट का 'ब्रीदिंग ब्रेक' काफी असरदार होती है।

## हेल्दी कोपिंग मैकेनिज्म अपनाएं

स्ट्रेस के समय ओवरईटिंग, गुस्सा या सोशल मीडिया में डूबे रहना स्थिति को और खराब करता है। इसकी जगह छोटे ब्रेक लें, वॉक करें, पसंदीदा संगीत सुनें या किसी आत्मीय और भरोसेमंद सहकर्मी से अपने मन की बात करें।

## फेवरेट एक्टिविटी करें

सिर्फ काम से मानसिक थकान बढ़ती है। वीकेंड पर या काम के बाद अपनी पसंद की गतिविधियां जैसे स्पोर्ट्स, म्यूजिक, आर्ट, रीडिंग या परिवार के साथ समय बिताना, मन को रिफ्रेश करती हैं और बर्नआउट से बचाती हैं।

## वर्क-डे में छोटे ब्रेक लें

लगातार कई घंटों तक काम करने से दिमाग थक जाता है, प्रोडक्टिविटी कम होने लगती है। हर साठ से नब्बे मिनट में दो-तीन मिनट का छोटा ब्रेक लें, खड़े होकर स्ट्रेच करें, थोड़ा चलें या गहरी सांस लें। यह माइक्रो-ब्रेक्स मानसिक ऊर्जा को री-सेट करते हैं, आपके मानसिक तनाव के प्रभाव को भी काफी कम करते हैं। ❁

**(फोर्टिस हेल्थकेयर, दिल्ली के साइकिएट्रिस्ट डॉ. आस्तिक जोशी से बातचीत पर आधारित)**

### एक्सपर्ट से करें कंसल्ट

**स्ट्रेस मैनेजमेंट** एक स्किल है, जिसे निरंतर अभ्यास से मजबूत किया जा सकता है। यदि ऑफिस स्ट्रेस लगातार बढ़ रहा है, आपकी पर्सनल लाइफ को प्रभावित कर रहा है तो मेंटल हेल्थ एक्सपर्ट से सलाह लें। काम के साथ-साथ अपने मन का भी ध्यान रखना आज के कॉरपोरेट वर्ल्ड में सफलता और बेहतर जीवन का मूल मंत्र है।

पौधों को पानी की जरूरत हर मौसम में होती है। लेकिन इसकी मात्रा तापमान और धूप की अवधि पर निर्भर करती है। जरूरत से कम या ज्यादा पानी देने पर पौधे मुरझा सकते हैं। सर्दी के मौसम में कैसे-कितना पानी दें, यहां बता रहे हैं।

# सर्दियों में पौधों को कब-कितना पानी दें

गार्डनिंग

अनु



सर्दी के मौसम में पौधों की वृद्धि की रफ्तार धीमी पड़ जाती है। दरअसल, सर्दी के दिनों में गर्मी या बरसात की तुलना में पौधों को ज्यादा देखभाल की जरूरत होती है। तापमान और धूप कम होने की वजह से पौधों को पानी की भी कम जरूरत महसूस होती है। उन्हें अगर दिन में एक बार पानी दे दिया जाए, तो उनकी मिट्टी में नमी बनी रहती है। अगर इनमें पानी की मात्रा ज्यादा हो जाए या इन्हें कई दिन तक बिना पानी के रखा जाए, तो पौधे सूखने लगते हैं, सूखकर मुरझा सकते हैं और कई बार पौधे नष्ट भी हो सकते हैं। दरअसल, ठंड के दिनों में बालकनी या शेड में रखे पौधों को कम धूप मिलती है। कम धूप के कारण उन्हें कम पानी की जरूरत होती है।



**होती है कम पानी की जरूरत:** जब पौधों को प्रकाश मिलने की अवधि कम हो जाती है, तो पौधों में होने वाली प्रकाश संश्लेषण के अलावा दूसरी जैविक प्रक्रियाएं धीमी हो जाती हैं। सर्दियों में दिन का छोटा होना, कम रोशनी और ठंडे तापमान के कारण पौधों में वाष्पोत्सर्जन भी कम होता है और घर के भीतर रखे पौधे पानी ज्यादा नहीं सोखते हैं। उनकी क्रियाएं धीमी पड़ जाती हैं। अगर ठंड ज्यादा हो रही है तो उनको पानी देने का तरीका भी उसी के अनुकूल होना चाहिए।

**वातावरण का रखें ध्यान:** गार्डन एक्सपर्ट्स के अनुसार जहां हम रहते हैं, वहां की जलवायु, मौसम, वहां आने वाली धूप, तापमान और आर्द्रता के आधार पर ही यह निर्धारित होता है कि पौधों को इस सीजन में कितनी बार और कितना पानी देना चाहिए? ज्यादा प्राकृतिक नमी और ठंडे तापमान वाले वातावरण में पौधों को कम पानी देना चाहिए। लेकिन जो लोग ज्यादा ठंड के दिनों में अपने घर के भीतर हीटर चलाते हैं, उनके पौधों के पानी की जरूरत शुष्क वातावरण के कारण अलग तरह की होती है। इस तरह हर पौधे की जरूरत अलग-अलग तरह की होती है और उनकी पर्यावरणीय परिस्थितियों के आधार पर ही उन्हें पानी देने की भी जरूरत होती है। भले ही सर्दियों के मौसम में पौधे सुप्त अवस्था में होते हैं, इसके बावजूद उन्हें अपनी भोजन बनाने की प्रक्रिया के लिए पानी की जरूरत तो होती ही है। पानी की बदौलत ही पौधे जीवित रहते हैं लेकिन ज्यादा पानी देने से वो नष्ट होने लगते हैं। इसलिए अगर आपके गार्डन में लगे पौधे की पत्तियां भूरे रंग की हो गई हों या उनकी पत्तियां झड़ गई हों तो भी थोड़ी मात्रा में उन्हें पानी चाहिए होता है। उन्हें हाइड्रेट रखने से वो पौधे आने वाले दिनों में बचे रहेंगे।

**इन बातों का रखें ध्यान:** सर्दी के दिनों में अपने पौधों को पानी देने के लिए कुछ बातों का ध्यान रखें।

- जब ज्यादा ठंड हो यानी जब तापमान 4 डिग्री से नीचे चला जाए, तो पौधों को अधिक पानी न दें।
- जहां तक संभव हो सुबह के समय पानी दें ताकि पौधों को पानी को अवशोषित करने और रात्रि के समय ठंड से बचने का सुरक्षा कवच मिल सके।
- सर्दी के मौसम में पौधों को रात के समय कभी पानी न दें। इससे पानी जड़ों में जमा हो जाता है और पौधों में सड़न, कीड़े और फंफूद हो जाती हैं।
- सर्दी में वाटर टैंक में अगर ज्यादा ठंडा पानी हो, तो उसकी बजाय ताजा, भूमिगत जल देना चाहिए।
- अपने पौधों को धूप की जरूरत पर ध्यान दें। पत्तियों और पौधे की धुलाई करती रहें। ❁

# यूज करें बॉडी बटर स्किन बनी रहेगी सॉफ्ट

स्किन केयर

अंजू जैन

विंटर सीजन में स्किन के रूखेपन, रैशेज, डल हो जाने से अधिकतर महिलाएं परेशान रहती हैं। ऐसे में बॉडी बटर, लेटेस्ट ऑप्शन के रूप में स्किन केयर का सबसे इफेक्टिव रूप सामने आया है। गाढ़ी, स्मूद और प्लस टेक्सचर्ड यह क्रीम त्वचा में गहराई तक जाकर उसे मॉयश्चराइज और हाइड्रेशन का डोज देती है। ऐसा इफेक्ट कोई नॉर्मल मॉयश्चराइजिंग क्रीम नहीं दे सकती। इसे लगाने से स्किन सिल्की, लचीली और नम रहती है, जिससे उसमें ग्लो नजर आता है।

**क्या करता है बॉडी बटर:** बॉडी बटर स्किन को डिहाइड्रेशन से बचाता है। इसके इस्तेमाल से स्किन के भीतरी हिस्से में नमी पहुंचती है और टिकती भी है। नमी के अभाव में स्किन की बाहरी सतह की सेल्स सूख कर सिकुड़ने लगती हैं। इसके बाद स्किन की भीतरी लेयर्स का भी यही हाल होने लगता है। स्किन संवेदनशील बनने लगती है और इसमें झुर्रियां और सिलवटें पड़ने लगती हैं। इसकी वजह से त्वचा की प्री-मैच्योर एजिंग, इंफेक्शन, क्रैक और ड्राई स्किन जैसी समस्याएं होने लगती हैं। अच्छी गुणवत्ता वाला बॉडी बटर स्किन सेल्स के निर्माण की प्रक्रिया को भी तेज करता है। इसमें मौजूद सामग्री स्किन को विटामिन, मिनरल्स और एंजाइम्स से पोषण देती है। सनबर्न, रैशेज, सोरायसिस, एक्जिमा जैसी स्किन प्रॉब्लम्स में आराम मिलता है। कोहनी और एड़ियों जैसी कठोर त्वचा वाले हिस्सों को भी बॉडी बटर के प्रयोग से इंप्रूव किया जा सकता है। कई तरह के नट्स और सीड्स इन्हें एंटी ऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण देते हैं।



**ऐसे करें यूज:** बॉडी बटर भी मॉयश्चराइजर की तरह ही इस्तेमाल किया जाता है। इसे पूरे शरीर पर लगाया जा सकता है। नहाने के बाद, शरीर को तौलिए से थपथपा कर सुखा लें और फिर बॉडी बटर लगा लें। इसका इस्तेमाल आप होंठ, नाखून और बालों पर भी कर सकती हैं।

**तरह-तरह के बॉडी बटर:** बाजार में कई तरह के बॉडी बटर मिलते हैं। आप अपनी पसंद से कोई भी यूज कर सकती हैं।

**शिया बटर:** अफ्रीकन शिया ट्री के फल से बनाया गया यह बॉडी बटर, स्ट्रॉन्ग मॉयश्चराइजर है और स्किन को मखमली लुक देता है। इसमें फैटी एसिड होता है, जिसमें सुपर एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं।

**कोकोआ बटर:** इनमें कोकोआ बीन का एडिबल फैट होता है। यह विटामिन-ई से समृद्ध होता है। इसके प्रयोग से स्किन को अच्छा हाइड्रेशन मिलता है और स्किन की सूदिंग होती है। ❁

**(ब्यूटीशियन अनुमिता पाल से बातचीत पर आधारित)**

अगर इस मौसम में आपका वजन बढ़ रहा है, तो ऐसे में आपको अपने खान-पान पर ध्यान देने की जरूरत है। इसके लिए अपनी डाइट में आप क्या-क्या शामिल कर सकती हैं, जानिए।

# ऐसे वेट रहेगा कंट्रोल

डाइट एडवाइस

डॉ. स्वप्ना चतुर्वेदी
सीनियर डाइटीशियन, एम्स-दिल्ली

सर्दी के मौसम में भूख बढ़ने, कम एक्टिविटी करने और फैटी चीजें खाने को कई लोगों का वेट बढ़ने लगता है। ऐसा आपके साथ ना हो, इसके लिए आपको अपने खान-पान पर ध्यान देना होगा। इससे बचने का सबसे बेहतर उपाय यही है कि शुरुआत से ही हेल्दी डाइट लेने की आदत डालें और तले-भुने फूड्स से परहेज करें। जहां तक संभव हो बाहर खाने से बचें। घर का बना ताजा भोजन ही करें।

**संतुलित आहार लें:** यदि आप इस मौसम में भी स्वयं को फिट और अपने वजन को नियंत्रित रखना चाहती हैं, तो अपने आहार पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। दिन की शुरुआत अकसर चाय से की जाती है, लेकिन खाली पेट चाय पीने से कई लोगों को गैस की समस्या हो जाती है। इसलिए चाय पीने से पहले एक-दो कप पानी अवश्य पीना चाहिए। इसके साथ मखाना, नट्स, आटा या ओट्स के बिस्कुट ले सकती हैं। नाश्ते में बेसन या दाल का चीला लेना बेहतर होता है। दलिया और किनोवा भी ले सकती हैं। इसके अलावा पनीर, दूध, छाछ और अंडा भी लिया जा सकता है। सुबह के नाश्ते में प्रोटीन की मात्रा अधिक होनी चाहिए। नाश्ते के बाद सुबह 10 से 11 के बीच में सेब या पपीता जैसे फल लेना फायदेमंद होता है। दोपहर और रात के खाने में हेल्दी अनाज अपने भोजन में जरूर शामिल करें। बाजरा, मक्का की रोटी, ब्राउन राइस, दाल, मौसमी सब्जियां, दही और सलाद जरूर खाएं। इसके साथ ही बाजरे की खिचड़ी भी ले सकती हैं। यह बहुत ही पौष्टिक होती है और इसमें विटामिन, मिनरल और फाइबर्स भरपूर मात्रा में होते हैं। रात का भोजन सोने से कम से कम दो घंटे पहले कर लेना चाहिए। रात के खाने में सूप अवश्य लें। इसके अलावा सोने से पहले दूध भी लिया जा सकता है। बहुत अधिक गर्म खाना खाने से भी बचना चाहिए, क्योंकि अत्यधिक गर्म खाने से भोजन की नली पर इसका बुरा असर पड़ता है। इससे मुंह में छाले भी पड़ जाते हैं।






**तला-भुना न खाएं:** ठंड के मौसम में तला-भुना खाने का मन बहुत करता है। जैसे समोसा, कचौरी, छोले-भटूरे, आलू, गोभी और बथुआ के परांठे खाने में तो बहुत स्वादिष्ट लगते हैं, लेकिन इनके अधिक सेवन से वजन बढ़ सकता है। वजन बढ़ाना तो बहुत आसान है, जबकि उसे कम करना उतना ही कठिन होता है। इस तरह के भोजन में कैलोरी की मात्रा बहुत अधिक होती है जबकि इस मौसम में हमारी शारीरिक गतिविधियां बहुत कम होती हैं। इसका परिणाम यह होता है कि शरीर में फैट जमा होने लगता है। एक व्यक्ति को महीने में तेल और घी मिलाकर आधा लीटर से अधिक सेवन नहीं करना चाहिए। इन चीजों का ज्यादा उपयोग करने से कोलेस्ट्रॉल बढ़ जाता है। दिन और रात के भोजन को मिलाकर कुल दो चम्मच तेल का उपयोग करना ही बेहतर होता है। ❁

**प्रस्तुतिः संध्या रानी**

### रेग्युलर करें एक्सरसाइज

**सर्दियों में** अपने को हेल्दी, फिट रखने के लिए नियमित रूप से एक्सरसाइज करना बेहद जरूरी है। ठंड से बचने के लिए अगर आप बाहर जाकर वॉक या एक्सरसाइज नहीं कर सकती हैं, तो घर के अंदर ही योगा, प्राणायाम और कुछ हल्की एक्सरसाइज जरूर कर सकती हैं। इससे एक तो थकान और आलस से बच सकती हैं और आपका मूड भी अच्छा रहेगा।



## खबर संक्षेप



### एसडी ककराला में पीटीएम आयोजित

**कनीना।** एसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककराला में सोमवार को अध्यापक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें 862 अभिभावकों ने हिस्सा लिया। अभिभावकों ने शिक्षकों से मिलकर विद्यार्थियों की पढ़ाई सम्बंधी विभिन्न समस्याओं का निदान किया। इतना ही नहीं उन्होंने विद्यार्थियों की प्रगति रिपोर्ट हासिल कर अन्य गतिविधियों व विषयों पर विचार विमर्श किया।



### टैगोर स्कूल में एनएसएस शिविर आयोजित

**महेंद्रगढ़।** टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर के पांचवें दिन स्वास्थ्य जागरूकता एवं योग पर केंद्रित कार्यक्रम आयोजित किया गया। डायरेक्टर राहुल यादव एवं सीईओ डॉ. निशा यादव ने कहा कि स्वास्थ्य एवं योग से जुड़े ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को अनुशासित, ऊर्जावान और सकारात्मक बनाते हैं।

### सेहलंग के प्रवीण राव बने असिस्टेंट डायरेक्टर

**महेंद्रगढ़।** गांव सेहलंग निवासी प्रवीण राव ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा के माध्यम से अपनी सफलता का परचम लहराया है। प्रवीण का चयन भारत सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय में असिस्टेंट डायरेक्टर (जिला युवा अधिकारी) के पद पर हुआ है। उनकी इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनके पिता डॉ. सुरेंद्र कुमार डाइट महेंद्रगढ़ से सेवानिवृत्त हैं।

### हरियाणा में पैरामिलिट्री बोर्ड लागू करने की मांग

**नारनौल।** पूर्व पैरामिलिट्री संगठन की बैठक प्रधान शिवलाल गनन की अध्यक्षता में निजामपुर में आयोजित की गई। प्रधान ने बताया कि हर माह की पांच तारीख को पूर्व पैरामिलिट्री संगठन की बैठक कमला कंपलेक्स में बैठक आयोजित की जाती है। उन्होंने कहा कि पूर्व पैरामिलिट्री संगठन द्वारा पिछले आठ वर्षों से सरकार के सामने मांगों को रखा जा रहा है।

### अध्यापकों ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

**मंडी अटेली।** राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यापकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव के अटेली कार्यालय में उनके निजी सहायक गोविंद गोस्वामी को जिला महासचिव सत्यवीर सिंह व अन्य अध्यापकों ने ज्ञापन सौंपा। उसको हटाया जाए।

### नर नारायण समिति की बैठक आयोजित

**नारनौल।** नर नारायण नारायण सेवा समिति की बैठक शिव मंदिर में प्रधान रामसिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसका संचालन समिति के महासचिव मास्टर सतबीर ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि 14 जनवरी को मकर संक्रांति के अवसर पर उपचार गोशाला में सभी प्राणियों की सुख, शांति, समृद्धि, स्वास्थ्य लाभ के लिए प्रातः नौ बजे हवन किया जाएगा।

### डॉ. राकेश सर्व कल्याण मंच के जिला अध्यक्ष बने

**मंडी अटेली।** सर्व कल्याण मंच की प्रदेश कार्यकारिणी की ओर से प्रदेश अध्यक्ष नवीन कौशिक से विचार विमर्श करते हुए हरियाणा में जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की है। जिसमें जिला भिवानी प्रमुख डॉ. राकेश कुमार जिला महेंद्रगढ़ का अध्यक्ष नियुक्त किया है। सर्व कल्याण मंच हरियाणा ने जारी अपने पत्र में बताया कि नवयुक्त जिला अध्यक्षों से उपेक्षा की जाती है।

---

*हलका विधायक की अनुशंसा पर सूचीबद्ध गांवों में पंचायत विभाग की निगरानी में संपन्न होंगे विकास कार्य*

# नांगल चौधरी के 32 गांवों में 4.15 करोड़ से होंगे विकास कार्य, बजट स्वीकृति का पत्र मिलने पर टेंडर प्रक्रिया आरंभ

## निर्धारित बजट से गांवों में पेयजल, चारदीवारी तथा अन्य दैनिक उपयोगी सुविधाओं का होगा प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम योजना के अंतर्गत नांगल चौधरी हलके के 32 गांवों का चयन किया गया है। जिनमें विधायक की सिफारिश पर 4.15 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। सैंक्शन बजट की प्रथम किस्त रिलीज कर दी तथा अनुमति पत्र उपायुक्त की मार्फत पंचायत विभाग को भेज दिया है। निर्धारित बजट से गांवों में पेयजल, चारदीवारी तथा अन्य दैनिक उपयोगी सुविधाओं का प्रबंध किया जाएगा। विभाग ने एसीएस ने विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

**बजट स्वीकृत करने के बाद विभाग ने दो किस्तों वितरण करने की योजना बनाई**

आपको बता दें कि सरकार ने विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम विकास योजना क्रियाविंत की है। जिसके अंतर्गत हलका वाइज बजट निर्धारित करने का प्रावधान है। नवंबर महीने में विकास कार्यों के लिए नांगल चौधरी की विधायक मंजू चौधरी से गांवों की सूची मांगी गई थी। बजट स्वीकृत करने के बाद विभाग ने दो किस्तों वितरण करने की योजना बनाई है। प्रथम चरण में आकोली के लिए 7.50 लाख, इकबालपुर नंगली को 3.20 लाख, नांगल कालिया को 4.50 लाख, बूढ़वाल को आठ लाख, बिहारीपुर 1.50 लाख, मौसमपुर को 4.78 लाख, लूजोता को 9.66 लाख, दोखेरा को 8.97 लाख, भेडंटी को 8.99 लाख, दोंगली को 3.60 लाख, खातोली अहीर को छह लाख, अकबरपुर को 3.20 लाख, नांगल सोडा को 10 लाख, ढकोड़ा को 1.50 लाख, आंतरी को 4.75 लाख, गोठड़ी को 9.94 लाख, सरेली को तीन लाख, बेरूंडला को दो लाख, इस्लामपुरा को 10 लाख, गांगोताना को एक लाख, पाचनोता को तीन लाख, मूसनोता को आठ लाख, रामबास को दो लाख, टहला को नौ लाख, कुलताजपुर को 10.40 लाख, रघूनाथपुरा को 3.55 लाख, बलाहा खुर्द को आठ लाख, बदोपुर को 15 लाख, जादूपुर पंचायत को 10.90 लाख बजट अलॉट हुआ है। खटोटी खुर्द में हरिजन चौपाल की रिपेयर के लिए तीन लाख तथा गोद में भीमराव अंबेडकर सामुदायिक भवन की रिपेयर के लिए नौ लाख खर्च होंगे। एचआरडीएफ स्कीम से आजमाबाद मोखूता में रास्ता निर्माण के लिए 58 लाख, बामनवास नो में 29 लाख की लागत से फिरनी का पक्का निर्माण होगा। नांगल दुर्गू में 32.80 लाख से सड़क निर्माण स्वीकृत हुआ है। रावता की ढाणी को 37.85 लाख मंजूर किए गए हैं। नांगल कालिया में 40 लाख की लागत से सड़क निर्माण कराया जाएगा। बजट को किस्तों में वितरण किया जाएगा। जिसकी पहली किस्त संबंधित पंचायतों को विभाग की मार्फत भेज दी गई हैं।



मंजू चौधरी, विधायक।

### पंचायत विभाग की एनओसी मिलने पर बजट खर्च करने की अनुमति

विभागीय पत्र के अनुसार स्वीकृत एस्टिमेटों की जांच बीडीपीओ की ओर से की जाएगी। अनाधिकृत क्षेत्र में बजट खर्च करने की अनुमति नहीं तथा सूचीबद्ध समस्याओं का निवारण अन्य बजट से हो चुका है, तो निर्धारित हुई इस राशि पर रोक रहेगी। विभाग को तत्परता पूर्वक मुखियालय को सूचना देनी होगी। अलॉट हुए बजट को छह महीने में खर्च करना होगा।

### विकास कार्यों में लेटलतीफी व लीपापोती नहीं होगी बर्दाश्त

विधायक मंजू चौधरी ने बताया कि बीते महीने सरकार को गांव वाइज समस्याओं की सूची भेजी गई थी। विधायक आदर्श नगर एवं ग्राम विकास योजना से करीब चार करोड़ बजट स्वीकृत हो गया है। यह बजट राशि 32 गांवों में खर्च की जाएगी। अन्य गांवों के लिए भी जल्द ही बजट उपलब्ध हो जाएगा। उन्होंने बताया कि विकास कार्यों में लेटलतीफी व लीपापोती को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्धारित मापदंडानुसार ही निर्माण सामग्री की क्वालिटी इस्तेमाल करनी होगी।

---

## नियमित रूप से होने वाली कचरा उठाने और नालियों की सफाई का काम भी ठप

*सड़कों, बाजारों व रिहायशी इलाकों में लगे कूड़े के ढेर*

*कचरा उठान न होने से बीमारियों का खतरा*

# हड़ताल के चलते शहर की सफाई व्यवस्था चरमराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नगर पालिका सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। हड़ताल के चौथे दिन होने से सड़कों, बाजारों व रिहायशी इलाकों में कूड़े के ढेर लग गए हैं। प्रतिदिन निकलने वाला करीब 15 से 20 टन कचरा उठान न होने से बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। पुराने नारनौल रोड, भगवान परशुराम चौक, सिनेमा रोड व सब्जी मंडी क्षेत्र में हालात सबसे खराब हैं। कचरे के कारण आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा है और यातायात भी प्रभावित हो रहा है। वहीं नियमित रूप से होने वाली कचरा उठाने और नालियों की सफाई का काम भी ठप पड़ गया है। शहर में जगह-जगह फैली गंदगी से दुर्गंध फैल रही है और बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। कच्चे एरियर की मांग को लेकर नगर पालिका कर्मचारी संघ ने सोमवार को भी हड़ताल पर रहे। नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा की गई हड़ताल के कारण शहर में अनेक जगह गंदगी के ढेर लग गए। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना भी करना पड़ा। हड़ताल के चलते नगर पालिका कर्मचारी संघ ने नगर पालिका परिसर में धरना देकर नारेबाजी की। धरने पर बैठे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सफाई कर्मचारी यूनियन के कर्मचारियों ने कहा कि कई बार नगर पालिका प्रशासन को अवगत करवाया जा चुका है कि स्थानीय नगर पालिका के कर्मचारियों का 2017 से 2023 तक का एरियर बकाया है। यूनियन के कर्मचारी कई बार ज्ञापन के माध्यम से भी नगर पालिका के अधिकारियों व विधायक तक को अवगत करवा चुके हैं कि कर्मचारियों का बकाया एरियर जल्दी दिया जाए, लेकिन अभी तक उनको एरियर नहीं मिला है। जिसके चलते उन्होंने पहले ही चेतावनी दे दी थी कि अगर उनकी मांगों को नहीं माना गया तो वह दो जनवरी को काम छोड़ हड़ताल शुरू कर देंगे। यूनियन प्रधान पूर्ण कुमार ने कहा कि काफी समय से प्रशासन को चेताने का प्रयास किया, लेकिन मांगों को अनदेखा करने के विरोध में अब काम छोड़ हड़ताल पर जाने के लिए विवश होना पड़ा है। उन्होंने कहा कि जब तक कर्मचारियों को एरियर नहीं मिल जाता, तब तक कर्मचारी काम छोड़ हड़ताल पर रहेंगे।

*कचरे के कारण आवारा पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है, यातायात भी हो रहा प्रभावित*



महेंद्रगढ़। महिला आईटीआई के पास लगा गंदगी का ढेर। फोटो: हरिभूमि



महेंद्रगढ़। कार्यालय में नारेबाजी करते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

**यह रहे मौजूद**

इस मौके पर सफाई यूनियन प्रधान पूर्ण कुमार, धीरज, रिंकू, शम्मी, सुमित, राजेश, नसीब, विनोद, देवानंद, दीपक, सूबेसिंह, राहुल, गुलशन, चांदराम, सन्नी, घनश्याम, आशु, सुंदर, सुंडाराम, पंकज, राहुल, कविता, आरती, विष्णु, राजकुमार, आशीष सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहें।

**शहर में सफाई व्यवस्था चरमराई**

सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के कारण शहर में चार दिन से न तो सफाई हुई और न ही कूड़ा उठान हुआ। इस कारण हड़ताल के चौथे दिन शहर के बाजारों में कई जगह कूड़े के ढेर लगे नजर आए। अगर सफाई कर्मचारियों की काम छोड़ हड़ताल लंबी चलती है तो आने वाले दिनों में शहर की व्यवस्था और भी बिगड़ सकती है। शहर में सफाई का पहले से ही बुरा हाल चल रहा है और कर्मचारियों के हड़ताल पर रहने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। शहर के बाजारों, मोहल्ले में जगह-जगह कूड़े के ढेर लग गए। जिसके चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में सदर थाना, सिटी पुलिस थाना, मोहल्ला सैनीपुरा, माता संतोषी देवी मंदिर, मोहल्ला वाल्मीकि, परशुराम चौक, महिला आईटीआई के पास, डुलाना रोड सहित अनेक जगह कूड़े के ढेर नजर आए।

---



### कॉमर्स टैलेंट सर्च एग्जाम में सीएल के 36 बच्चों ने पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

कॉमर्स टैलेंट सर्च एग्जाम में हमेशा की तरह सीएल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने रिकॉर्ड तोड़ सफलता हासिल कर राष्ट्रीय स्तर पर 36 बच्चों ने क्वालीफाई कर द्वितीय स्तर के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। कक्षा 12वीं से अदिति आर्यन पुत्री जितेन्द्र कुमार, भविष्य पुत्र ललित कुमार, वैभव पुत्र अनूप कुमार गर्ग, यश पुत्र नीरज कुमार, यश्वेता पुत्री अनीश ने ऑल इंडिया एक रैंक हासिल की। इसके अलावा इशिका पुत्री गौरव, कुनाल पुत्र आनंद सोनी, रिया पुत्री महेन्द्र सैनी, तृप्ति पुत्री शिवचरण, योगिता पुत्री अमित कुमार ने ऑल इंडिया सातवीं रैंक प्राप्त की है। कक्षा 11वीं से निशिता पुत्री संदीप गोयल, लव अग्रवाल पुत्र राम अग्रवाल ने ऑल इंडिया 13वां रैंक, जैसमीन पुत्री पंकज गुप्ता, सोमिया पुत्री मनीष ने ऑल इंडिया 17वीं रैंक प्राप्त की। इस अवसर पर सभी अध्यापकों, अभिभावकों व विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। प्राचार्य रविन्द्र सिंह ने भी सभी बच्चों को बधाई दी।



वालियंटरों को सम्मानित करते एमडी अमित यादव व प्राचार्य राजेश कुमार।

### नशा भगाओ स्वास्थ्य बचाओ रैली निकाली

**नांगल चौधरी।** सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ एनएसएस के जिला संयोजक चरण सिंह बडेसरा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य राजेश कुमार ने की। संस्था के प्रबंधक निदेशक अमित यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्य राजेश कुमार ने बताया कि नशाखोरी कोई बीमारी नहीं होती। अधिकांश युवा एक दूसरे की देखादेखी नशा करना आरंभ करते हैं तथा लत के शिकार हो जाते हैं। तंबाकू, गुटखा, शराब और अन्य मादक पदार्थों का सेवन करने से कैंसर के मरीज बढ़ने लगे हैं। उन्होंने नशा भगाओ रैली का हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। वालियंटरों ने ग्रामीणों को पौष्टिक भोजन खाने व नियमित रूप से योगासनों के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर स्कूल संयोजक सुनील यादव, कुलदीप, अमर सिंह, सुमित्रा, ममता आदि मौजूद रहे।

---



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम में मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### ढाढ़ोत में पांच दिवसीय स्किल कैंप संपन्न

**महेंद्रगढ़।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल ढाढोत में चल रहे पांच दिवसीय स्किल कैंप का समापन हो गया है। आरपीएस एजुकेशन ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव एवं उनकी बहन मुकेश यादव मुख्यातिथि रही। प्राचार्य अजीत सिंह ने बताया कि पांच दिनों तक चले इस स्किल कैंप में विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार की स्किल्स के बारे में जानकारी दी गई। मुख्यातिथि डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में केवल किताबी ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि प्रभावी संवाद क्षमता व्यक्ति को आगे बढ़ने में सहायक होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने और सकारात्मक सोच अपनाने के प्रति जागरूक किया। जीनियस एकेडमी डायरेक्टर सोनिका ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, बल्कि परिश्रम और अनुशासन से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इस मौक पर रामकुमार, सुषमा, सुनील लाम्बा, राजेश डागर, बीरसिंह, भूपेंद्र सैनी, शर्मिला यादव, सुशील, अनिल गिलावत सहित समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित था।



### आरपीएस स्कूल में एनएसएस कैंप

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस स्कूल में एसएसएस के सात दिवसीय शिविर के पांचवे दिन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना व एनएसएस गीत के साथ हुई। कार्यक्रम में मुख्यातिथि चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया तथा उन्होंने एनएसएस के विभिन्न आयामों व योगदानों से छात्रों को परिचित करवाया। उन्होने आधुनिक समाज मे स्टार्ट अप के महत्त्व को समझाया। सीईओ मनीष राव ने बताया कि स्टार्ट अप नए विचारों, तकनीकों और समाधानों को जन्म देते हैं, जिससे समाज में नवाचार की संस्कृति विकसित होती है। डिप्टी सीईओ कुणाल राव ने भी समझाया कि स्टार्ट-अप युवाओं को नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला बनने के लिए प्रेरित करते हैं। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने भी संदेश दिया कि स्टार्ट-अप देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम संयोजक अनूप सिंह ने छात्रों के साथ एक विशेष सेमिनार करवाया तथा नजदीकी गांव खातोद का दौरा कर सफाई अभियान चलाया।

*पांचवा कैंप लगाकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई*

■ स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह एक आदत और संस्कार

### यदुवंशी के विद्यार्थियों ने की स्वच्छता अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

यदुवंशी शिक्षा निकेतन एनएसएस स्वयंसेवकों ने मंदिर परिसर व उसके आसपास स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत अपना पांचवा एक दिवसीय कैंप लगाकर मंदिर परिसर की साफ-सफाई की। कार्यक्रम अधिकारी अनूप यादव के दिशा निर्देशन में स्वयंसेवकों द्वारा मन लगाकर परिसर की सफाई, पेड़-पौधों की छंटाई व निराई का काम किया। पूर्व प्रधानाचार्य ओमप्रकाश ने जागरूकता फैलाना और लोगों को भी साफ-सफाई के महत्व को भी समझाया। चेयरमैन एवं पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह एक आदत और संस्कार है, जिसे हमें अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।




महेंद्रगढ़। साफ–सफाई करते स्वयंसेवक। फोटो: हरिभूमि

**स्वयंसेवकों को दी बधाई**

युवा शक्ति जब जागरूक होती है तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्णसिंह यादव, वाइस चेयरपर्सन संगीता यादव, ग्रुप निदेशक विजय सिंह यादव व फाउंडर डायरेक्टर डॉ. राजेंद्र सिंह यादव ने स्वयंसेवकों को बधाई दी।

---

## प्रथम, द्वितीय श्रेणी व कौशल रोजगार योजना में सरकार की ओर से आरक्षण न देने का मामला

*ओबीसी ब्रिगेड हरियाणा के तत्वावधान में बैठक आयोजित*

# नौकरियों में आरक्षण न देकर सरकार कर रही भेदभाव, 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

ओबीसी ब्रिगेड हरियाणा के तत्वावधान में बैठक का आयोजन यादव धर्मशाला में पूर्व निरीक्षक जगदीश प्रसाद इमराडा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि ओबीसी ब्रिगेड हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह तंवर थे। जिन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन ईश्वर सिंह प्रजापति ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने बताया कि सरकार लगातार पिछड़ा वर्ग के हक अधिकारों को नजरंदाज कर उनके हितों को अनदेखा कर रही है। सरकार की ओर से गुरुग्राम में मेयर के चुनाव में पिछड़ा वर्ग के साथ सरासर भेदभाव करते हुए अपने चहेतों को टिकट देकर चुनाव जीतवाया गया। जिसका केस न्यायालय में विचाराधीन है। राजेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि प्रदेश में सरकार की ओर से प्रथम व द्वितीय श्रेणी की नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण की लगातार अनदेखी की जा रही है, जो लागू किया जाए। इसके साथ ही हरियाणा कौशल रोजगार निगम जिसमें बिना आरक्षण के नौकरियां अपने चहेतों को दी जा रही है, जो सरासर सरकार की तानाशाही है।



नारनौल। बैठक में भाग लेते संगठन के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

**मांगों को नजर अंदाज किया तो कड़ा रुख अपनाएंगे**

इसमें भी पिछड़ा वर्ग के लिए 16 प्लस 11 प्रतिशत व एससी के 20 प्रतिशत आरक्षण लागू किया जाए। लोकल बॉडीज व पंचायती राज संस्थाओं तथा सत्ता व राजनीतिक पार्टियों के संगठनों में जनसंख्या के हिसाब से आरक्षण का प्रावधान किया जाए। बैठक में चेतावनी दी गई कि सरकार ने यदि आरक्षण की इन मांगों को नजरंदाज किया तो कड़ा रुख अपनाते हुए आरक्षण वर्ग के सभी संगठन एकजुट होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी व धरना प्रदर्शन आदि की कार्रवाई करने में बाध्य होंगे। इस मौके पर वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं कुम्हार सभा के पूर्व प्रधान किशनलाल लुहानीवाल, जांगिड़ सभा के पूर्व प्रधान रोहतास नंबरदार, योगी सभा के प्रधान प्यारेलाल, जितेंद्र योगी, रामनिवास रोहिला, फतेह सिंह खुडाना, इंद्रसिंह, रामेश्वर धनोंदा आदि मौजूद रहे।



### हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल में अभिभावक अध्यापक बैठक आयोजित

**मंडी अटेली।** हिन्दुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर में अभिभावक अध्यापक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अभिभावकों ने बच्चों की पढ़ाई से संबंधित समस्याओं के बारे में अध्यापकों से बात कर सुलझाया। वहीं अध्यापकों ने कहा कि वे अपने घर पर बच्चों के लिए पढ़ाई का माहौल तैयार करें, ताकि बच्चों को आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में पीछे न देखना पड़े। अध्यापकों ने यह भी आग्रह किया कि अभिभावक बच्चों को मोबाइल से दूर रखें तथा उनसे होने वाली हानियों के बारे में जागरूक करें। निदेशक राकेश कुमार एवं प्राचार्य अनूप कुमार ने बैठक में पहुंचे अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।



## महिला होती है परिवार की आत्मा: वसुधा बहन

**भिवानी।** आध्यात्मिक व मानवीय मूल्यों से सशक्त महिला ही सुसंस्कारित व सशक्त घर परिवार का निर्माण कर सकती है ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की झोझूकलां शाखा के निर्माणाधीन सेवाकेंद्र में महिला एवं परिवार विषय पर आयोजित स्नेह मिलन में राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने व्यक्त किए। उन्होंने ने कहा कि महिला परिवार की आत्मा होती है और उसकी सकारात्मक सोच, सहनशीलता व आध्यात्मिक दृष्टिकोण से ही परिवार में शांति और खुशहाली आती है।

## कोर्ट नहीं होने से वकीलों व लोगों को हो रही परेशान

**बाढड़ा।** उपमंडल बनने के करीब साठ साल बाद भी कोर्ट शुरू नहीं हुआ है वही एसडीएम कार्यालय केनाल रेस्ट हाउस में चल रहा है वही तहसील कार्यलय सैनिक विश्राम गृह में चल रहा है। वकीलों की मांग है कि जल्द ही उपमंडल स्तर पर कोर्ट शुरू की जाए। ताकि वकीलों को जिला मुख्यालय पर ना जाना पड़े। अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजीव श्योराण, अनिल मान, अशोक श्योराण, राकेश चहल, सुनील लाडावास, राजेश श्योराण हड़ौदी, श्रीराम, महेश शर्मा, अनिल, टाइपिस्ट राजेश कुमार, अनूप व अमित आदि ने बताया कि कोर्ट नहीं होने के कारण अधिवक्ताओं व लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### विकास कार्यों के लिए सरकारी खजाने लबालब: वाल्मीकि

# विधायक ने कस्बे की जनता को दी विकास कार्यों की सौगात

### 3 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से बनेगा सिटी पार्क

दीपक कुमार डुमड़ा ▸▸| बवानीखेड़ा

बवानीखेड़ा में हांसी चुंगी एवं बिजली निगम कार्यालय के पास बनने वाले सिटी पार्क का शिलान्यास विधायक कपूर सिंह द्वारा किया गया। इस पार्क पर लगभग 3करोड़ 20 लाख की लागत आएगी। इस कार्य को लेकर शहरवासियों में आस की उम्मीद जगी है। लोागें ने विधायक कपूर वाल्मीकि व नपा चेयरमैन सुंदर अत्री के कार्य की सराहना की। उल्लेखनीय है कि शहरवासी कांग्रेस सरकार के समय से पार्क की मांग उठा चुके हैं कांग्रेस सरकार में ये पास हुआ तो इसे कहीं और ले जाया गया, लेकिन बीजेपी सरकार की पिछली दो योजनाओं में भी ये मांग पूरी तो हुई लेकिन इसमें दिक्कतें आने के कारण ये सिरे नहीं चढ़ पाया। विधायक ने इस मांग को विधानसभा सत्र में भी जोर-शोर से उठाने का कार्य किया था तो नपा चेयरमैन सुंदर अत्री ने भी चुनावों में शहरवासियों से पार्क बनवाने का वायदा किया था और अब जल्द ही बवानी खेड़ा में लगभग 3 करोड़ 20 लाख की लागत से सिटी पार्क का निर्माण किया जाएगा। पार्क का निर्माण भिवानी-हांसी मार्ग पर बिजली निगम के पास महर्षि स्टेडियम के साथ लगती करीबन चार एकड़ भूमि में कराया जाएगा। जिसका विधायक कपूर वाल्मीक ने नपा चेयरमैन सुंदर अत्री संग मिलकर शिलान्यास किया।



**बवानीखेड़ा।** सिटी पार्क का शिलान्यास करते हुए विधायक कपूर वाल्मीकि व नपा प्रधान सुंदर अत्री सहित अन्य।

### पहले नहीं था पार्क

बवानी खेड़ा में आधुनिक बनने वाले पार्क से सभी को लाभ होगा। हालांकि शहर में पहले पार्क न होने से घूमने-फिरने के लिए कोई स्थान नहीं था। जिससे लोग अपने आपको ठगा सा महसूस करते थे। विधायक कपूर वाल्मीकि ने भी विधानसभा चुनावों में साफ किया था कि पार्क, स्टेडियम सहित शहर व हलके का नक्शा बदलने का काम करेंगे। अब शहर में बनने से पार्क की कमी दूर हो जाएगा। पार्क में झूले, ऑपन जिम, वाकिंग ट्रैक सहित आकर्षण से भरपूर बैठने की व्यवस्था होगी। पार्क बिजली की दूधिया रोशनी से नहाएगा और दिन-रात का भी पता नहीं चलेगा। पार्क बनने के बाद कस्बे की सुंदरता को चार चांद लग जाएंगे।

### पार्क में ये होंगी सुविधाएं

विधायक कपूर वाल्मीकि एवं नगर पालिका प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि वे दोनों मिलकर शहर को विकास मामले में नई दिशा देने में लगे हुए हैं। सिटी पार्क में चारदिवारी के साथ शौचालय, गार्ड सुविधा, बैठने की सुविधा, पेड़-पौधे, झूले आदि की सुविधाएं होंगी और ऑपन जिम की भी सुविधा करवाई जाएगी। वहीं उन्होंने बताया कि अभी ये शुरूवात है, जल्द ही विकास के मामले में शहर का नक्शा बदलेगा। वहीं शहरवासियों ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि विधायक व चेयरमैन की जोड़ी शहर को विकास मामले में नई दिशा देने का कार्य करेगी।



**भिवानी।** स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के साथ पुलिस अधीक्षक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

# बच्चों को दूध का अधिक से अधिक सेवन करने की शपथ दिलाई

■ विजेता बच्चों को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा द्वारा स्कूल विद्यार्थियों और आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए चलाए गए अभियान के दौरान स्कूली बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टर्स के विजेताओं को आज भिवानी पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने सम्मानित किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राम अवतार शर्मा ने बताया कि एसोसिएशन ने तीन दिन तक पूरे प्रदेश में नशा मुक्ति अभियान चलाया व साथ ही, दूध का अधिक से अधिक सेवन करने के लिए भी लोगों को जागरूक किया। एसोसिएशन द्वारा अकेले भिवानी जिले में एक लाख से अधिक स्कूली बच्चों को नशा न करने और दूध का अधिक से अधिक सेवन करने की शपथ दिलाई गई। नववर्ष के दिन भिवानी शहर में स्टॉल लगाकर आमजन को नशे के खिलाफ जागरूक किया गया और साथ ही, कुल्हड़ में सबको दूध भी वितरित किया गया ताकि आमजन भी जागरूक होकर नशे से दूर रहे और दूध का अधिक से अधिक सेवन करें। रामअवतार शर्मा ने बताया कि प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा ने भिवानी पुलिस अधीक्षक को सुझाव दिया है कि एसोसिएशन पुलिस के साथ मिलकर नशे के खिलाफ प्राइवेट स्कूलों में एक जागरूकता अभियान चलाए, बच्चों को जागरूक करे ताकि युवा पीढ़ी को सही दिशा दिखाई जा सके। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एसोसिएशन एक अन्य बीमारी जो आज किसी भी नशे से ज्यादा खतरनाक रूप धारण कर चुकी है वह मोबाइल का एडिक्शन, इसके खिलाफ भी स्कूलों में अभियान चलाएगी ताकि बच्चों को इससे बचाया जा सके।

### कंपटीशन का परिणाम

पोस्टर मेकिंग कंपटीशन में टॉप 10 विजेताओं में शिशु भारती हाई स्कूल पहले स्थान पर, भिवानी पब्लिक स्कूल दूसरे, भिवानी पब्लिक स्कूल तीसरे, डीएवी स्कूल चौथे, भिवानी पब्लिक स्कूल पांचवे, शिशु भारती हाई स्कूल छठे, डीएवी स्कूल सातवें, भिवानी पब्लिक स्कूल आठवें, डीएवी स्कूल नौवें, और वैश्य मॉडल स्कूल दसवें स्थान पर रहे

बच्चों को मोबाइल एडिक्शन की वजह से होने वाले नुकसानों के बारे में बताकर, उन्हें जागरूक करके, उन्हें इस बीमारी से भी सुरक्षित किया जाएगा। इस अवसर पर वैश्य मॉडल स्कूल भिवानी, भिवानी पब्लिक स्कूल और शिशु भारती हाई स्कूल के बच्चों को पुलिस अधीक्षक ने सम्मानित किया और उनका हौसला बढ़ाया । इस अवसर पर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन भिवानी के प्रधान अमित डागर, महासचिव कारण मिर्ग व अन्य प्राइवेट स्कूलों के संचालक मौजूद थे।

# एनएसएस इकाई ने लिया नशा मुक्त समाज का संकल्प

■ बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहल

बीआरसीएम ज्ञानकुंज स्कूल, बहल की एनएसएस इकाई द्वारा आयोजित शीतकालीन सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तृतीय दिवस का आयोजन अत्यंत अनुशासित एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्रह्मकुमारी आश्रम, बहल की संचालिका आदरणीया शकुंतला बहन , विशिष्ट अतिथि पूनम बहन जीरहीं,कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश कुमार झाझरिया ने की। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्या सरस्वती दीक्षित की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और अधिक बढ़ाया। तत्पश्चात एनएसएस स्वयंसेविकाओं द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत एवं लक्ष्य गीत ने अतिथियों का आत्मीय अभिनंदन किया। तत्पश्चात एनएसएस स्वयंसेवक शुभम, अमन, अमन श्योराण, वंश त्यागी, विक्रम, प्रवेश एवं गगन शर्मा द्वारा देशभक्ति संगीत पर प्रस्तुत मनोहारी नृत्य ने उपस्थित जनसमूह को देशप्रेम की भावना से भाव-विभोर कर दिया। इसी क्रम में एनएसएस वॉलिंटियर अमन ने अपने प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत करते हुए नशे के विरुद्ध जन-जागरूकता फैलाने तथा गाँव स्तर पर नशा-मुक्ति अभियान चलाने का संकल्प व्यक्त किया।



**बहल।** एनएसएस शिविर के दौरान उपस्थित कैडेटस। फोटो : हरिभूमि



### पहले दिन बताया राम कथा का महत्व

**जीवन जीने की एक आदर्श कला है श्री राम कथा : चरणदास**

**भिवानी।** धर्म और संस्कृति की नगरी छोटी काशी भिवानी में भक्ति का एक नया अध्याय शुरू हुआ। स्थानीय हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान जोहड़ी धाम सरोवर के किनारे आयोजित मासिक माघ मेला महोत्सव कल्पवास के पावन अवसर पर मास पारायण श्री राम कथा एवं विश्व शांति महायज्ञ का भव्य शुभारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर के महंत बालयोगी महंत चरणदास महाराज के सान्निध्य में कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का वाचन कथा व्यास पंडित विजय भारद्वाज बुवानीवाले द्वारा किया जा रहा है, जो अपनी सरल और ओजस्वी वाणी से भक्तों को भावविभोर कर रहे हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को कथा का महत्व बताते हुए कहा कि राम कथा केवल एक कहानी नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक आदर्श कला है। उन्होंने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मनुष्य मानसिक रूप से अशांत है। श्री राम कथा का श्रवण मन को शीतलता प्रदान करता है और नकारात्मक विचारों को दूर करता है। बालयोगी महंत चरणदास ने कहा कि माघ मास में कल्पवास और सत्संग का मेल दुर्लभ होता है। जो भक्त इस दौरान संयम और भक्ति के साथ प्रभु की शरण में रहता है, उसे अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है।

## समय पर पूरी करें गणतंत्र दिवस की तैयारियां: डीसी

**चरखी दादरी।** जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह के लिए 20 जनवरी मंगलवार को सांस्कृतिक टीमों का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में कोई भी शिक्षण संस्थान भाग ले सकता है। इस दौरान चयन के लिए पूरी प्रस्तुति देने वाली टीमों प्राथमिकता दी जाएगी। उपायुक्त डॉ मुनीश नागपाल ने गणतंत्र दिवस समारोह से संबंधित तैयारियों को लेकर जिला के अधिकारियों की बैठक लनी और समय पर सभी तैयारियां पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह नई अनाज मंडी परिसर में धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे और उसके बाद पीटी डम्बल शो आदि होंगे। इस अवसर पर विभिन्न शिक्षण संस्थानों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

## खबर संक्षेप



### शिक्षिका अंकिता सिंहमार सम्मानित

**भिवानी।** देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट तथा महात्मा ज्योतिबा फुले धर्मार्थ ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित महिला शिक्षिका सम्मान समारोह में अंकिता सिंहमार को उनके बहुआयामी सामाजिक कार्यों के लिए प्रतिष्ठित सावित्रीबाई फुले गौरव पुरस्कार से नवाजा गया। यह जानकारी देते हुए पर्यावरण प्रहरी विजय सिंहमार व समाजसेवी रिंकू ख्यालीराम ने बताया कि अंकिता को यह सम्मान मुख्य अतिथि विधायक घनश्याम सर्राफ द्वारा बालयोगी महंत चरणदास के पावन सान्निध्य में प्रदान किया गया।

### एग्री स्टैक आईडी से मिलेगा योजनाओं का लाभ

**चरखी दादरी ।** सरकार द्वारा किसान हित में 18 दिसंबर से एग्री स्टैक पोर्टल की शुरुआत की गई है। इस पोर्टल के माध्यम से प्रदेश के सभी काश्तकार किसानों की यूनिक आईडी बनाई जा रही है, जिससे किसान अपनी भूमि से संबंधित सभी रिकॉर्ड ऑनलाइन देख सकेंगे और भविष्य में कृषि से जुड़ी विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकेंगे। जिला प्रशासन द्वारा गांव-गांव जाकर विशेष कैंपों के माध्यम से किसानों की एग्री स्टैक पोर्टल पर आईडी बनाई जा रही है। प्रत्येक गांव में गठित टीम में राजस्व विभाग से एक पटवारी, कृषि विभाग से एक अधिकारी तथा एक कंप्यूटर ऑपरेटर शामिल है।

### दीपेंद्र हुड्डा के जन्मदिन पर युवाओं ने किया रक्तदान



**चरखी दादरी।** सांसद दीपेंद्र हुड्डा रोहतक के जन्मदिन पर बलराज फौगाट एवं भाईचारा ग्रुप ने एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर लगाया। रक्तदान शिविर में कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ. मनीषा सांगवान का सहयोग रहा। मनीषा सांगवान ने कहा कि रक्तदान से बड़ा दान कोई हो नहीं सकता, जिन युवाओं ने आज दूसरों के लिए रक्तदान किया है वो एक बड़ा ही पुनित कार्य किया है। दीपेन्द्र हुड्डा को जन्मदिन की बधाई देने वालों ने दीपेन्द्र हुड्डा की लंबी आयु और प्रगति के लिए क्षेत्र के नगर व्यापार मंडल प्रधान सुरेश पाण्डवाणिया, अमन डालावास, मनीषा सांगवान, बलराज फौगाट, पूर्व सरपंच जिले सिंह पातुवास, फौगाट खाप उप प्रधान कला सिंह नंबरदार, नरेश पहलवान, सत्यनारायण लोहरवाड़ा, नत्थुराम, कृष्ण पुनिया, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप फौगाट, रजत फौगाट, सतबीर पंच का विशेष सहयोग रहा।

### विधायक कपूर वाल्मीकि ने चेयरमैन संग मिलकर बांटे मालिकाना हक के प्रमाण पत्र

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा नगर पालिका कार्यालय में पात्र परिवारों को मालिकाना हक के प्रमाण पत्र देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि के रूप में विधायक कपूर वाल्मीकि, नपा प्रधान सुंदर अत्री ने शिरकत की। नपा प्रधान संदीप गर्ग, नपा अभियंता पंकज गर्ग, जेई मंदीप कुमार ने भी विशेष उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम में विधायक कपूर वाल्मीकि एवं नपा प्रधान सुंदर अत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा लाल डोरे के भीतर स्थित मकानों की रजिस्ट्री न होने से वर्षों से परेशान पात्र परिवारों को मौके पर ही मालिकाना हक के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। जिससे लोगों ने खुशी जाहिर की। उन्होंने बताया कि लाल डोरे के भीतर स्थित मकानों की रजिस्ट्री न होने से वर्षों से परेशान पात्र परिवारों को नायब सरकार की मुहिम के तहत ये कार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार हर सिर को छत देने का निर्णय ले चुकी है और कोई भी सिर ऐसा नहीं रहेगा जिस पर छत न हो। वहीं सभी ने उनके कार्य की सराहना की।

# ग्रीन वर्ल्ड का क्लीन स्वीप, तीन मुकाबले जीते

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

ढाणा नरसान में सामाजिक संस्था नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति एवं सदाचारी शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में नशा छोड़ो–खेलो–सड़क सुरक्षा अभियान के तहत वनडे क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलों के माध्यम से नशा मुक्ति, स्वस्थ जीवनशैली और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा।



**भिवानी।** खिलाड़ियों का परिचय लेकर खेल शुरू करवाते हुए। फोटो : हरिभूमि

प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रसिद्ध समाजसेवी कपूर सिंह एवं शिक्षाविद विजेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

प्रतियोगिता में ग्रीन वर्ल्ड और ग्रीन इंडिया टीमों के बीच एक ही दिन में तीन मुकाबले खेले गए, जिनमें ग्रीन वर्ल्ड ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए तीनों मुकाबले जीतकर क्लीन स्वीप किया। बल्लेबाज़ी, गेंदबाज़ी और फील्डिंग—तीनों में संतुलित खेल के दम पर ग्रीन वर्ल्ड ने पूरे दिन अपना दबदबा बनाए रखा। पहले मुकाबले में ग्रीन वर्ल्ड ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 20 ओवर में 208 रन बनाकर बड़ा लक्ष्य खड़ा किया। टीम की ओर से अमन कुमार ने मात्र 36 गेंदों में 70 रनों की विस्फोटक पारी खेली। सावन ने नाबाद 51 रन बनाए, जबकि अशोक ने 22 गेंदों में 40 रन की तेजतर्रार नाबाद पारी खेली।

**गोष्ठी** | संघ का इतिहास, पंच परिवर्तन और संवाद ने दिया राष्ट्रचिंतन का संदेश

# संघ की शक्ति उसके स्वयंसेवकों के चरित्र अनुशासन व नि:स्वार्थ सेवा में निहित: रोशन

### पंच परिवर्तन समाज को दिशा देने वाला व्यावहारिक विचार : अनिल कुमार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भिवानी ने हलवासिया विद्या विहार, भिवानी में आयोजित प्रमुख नागरिक गोष्ठी अत्यंत गरिमामय, अनुशासित एवं वैचारिक वातावरण में सम्पन्न हुई। इस जन गोष्ठी में भिवानी नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में प्रमुख नागरिक, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता, मातृशक्ति एवं स्वयंसेवकों की सहभागिता रही।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता उत्तर क्षेत्र कार्यवाह रोशन लाल और प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख अनिल रहे। वहीं गोष्ठी की अध्यक्षता प्रसिद्ध उद्योगपति रमन अग्रवाल ने की। रमन अग्रवाल ने अध्यक्षीय उद्बोधन दिया। गोष्ठी के प्रथम सत्र में उत्तर क्षेत्र कार्यवाह रोशन लाल ने संघ का इतिहास विषय पर विस्तृत एवं प्रेरक उद्बोधन दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा राष्ट्र और समाज के सर्वांगीण उत्थान के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने संघ की 100 वर्षों की यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि संघ ने समय-समय पर समाज को संगठित करने, सेवा कार्यों के माध्यम से राष्ट्रनिर्माण में योगदान देने और राष्ट्रीय चेतना को जागृत रखने का कार्य किया है। रोशन लाल ने कहा कि संघ की शक्ति उसके स्वयंसेवकों के चरित्र, अनुशासन और निःस्वार्थ सेवा में निहित है। उनका वक्तव्य युवाओं के लिए विशेष रूप से प्रेरणास्पद रहा।

द्वितीय सत्र में प्रांत शारीरिक शिक्षण प्रमुख अनिल कुमार ने "पंच परिवर्तन" विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि पंच परिवर्तन वर्तमान समय में समाज को दिशा देने वाला एक व्यावहारिक विचार है। उन्होंने सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी अपनाने, कुटुंब प्रबोधन और नागरिक कर्तव्यों जैसे पांच प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। अनिल कुमार ने कहा कि परिवर्तन केवल नीतियों या व्यवस्थाओं से नहीं आता, बल्कि व्यक्ति के आचरण से आता है। यदि प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में इन पांच बिंदुओं को अपनाए, तो समाज में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन संभव है।



**भिवानी।** आयोजित बैठक में उपस्थित लोग। फोटो : हरिभूमि

### अनुभव साझा किए

कार्यक्रम का तृतीय एवं अंतिम सत्र "अनुभव साझा करने" के रूप में संपन्न हुआ। इस सत्र में उपस्थित नागरिकों ने पंच परिवर्तन की भावना को केंद्र में रखते हुए अपने द्वारा किए जा रहे विभिन्न सामाजिक कार्यों के अनुभव साझा किए। वक्ताओं के समक्ष श्रोताओं ने पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता अभियान, सामाजिक समरसता, स्वदेशी के प्रचार, परिवार एवं समाज में नैतिक मूल्यों के संवर्धन जैसे विषयों पर अपने प्रयासों और उपलब्धियों का उल्लेख किया। समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए किए जा रहे इन प्रयासों ने पूरे वातावरण को प्रेरणादायक बना दिया। वक्ताओं ने इन अनुभवों की सराहना करते हुए ऐसे सेवा कार्यों को निरंतर और व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने का आग्रह किया। यह सत्र सहभागिता, प्रेरणा और सामाजिक चेतना से परिपूर्ण रहा।

**मार्केट न्यूज**

### कलावती अस्पताल चरखी दादरी को समर्पित, दादरी के आम जनमानस के स्वास्थ्य का रखेगा ख्याल: डॉ. अस्मिता फौगाट

**चरखी दादरी।** बाला वाले मन्दिर के महन्त योगी सूरज नाथ मन्त्र उच्चारण कर कलावती अस्पताल चरखी दादरी का शुभारंभ किया। कलावती अस्पताल संचालिका डॉ. अस्मिता फौगाट एवं उसमें कार्यरत समस्त स्टाफ को सस्ते में इलाज, डॉ. का उचित व्यवहार एवं सही परामर्श देने की सलाह दी। उन्होंनें कहा 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' जिसका अर्थ है कि 'सभी सुखी हों, सभी स्वस्थ रहें, सभी का भला हो, और कोई भी दुखी न हो', यह सार्वभौमिक कल्याण और शांति की कामना करता है, जो हर प्राणी के लिए सुख, स्वास्थ्य और मंगल की प्रार्थना करता है। डॉ. अस्मिता ने कहा कि 'नर सेवा नारायण सेवा के भाव से' यह अस्पताल दादरी के क्षेत्र वासियों को समर्पित है। और उन्होनें कहा कि मेरा और मेरे स्टाफ का प्रयास रहेगा कि बीमारी का सही परामर्श देकर, सही इलाज करने का प्रयास रहेगा। आम जनमानस के लिए यह स्वास्थ्य सेवा केन्द्र शुरु किया गया है। भविष्य में जल्दी ही यहां सभी प्रकार की बीमारियों के विशेषज्ञ उपलब्ध करवाने का प्रयास रहेगा। आज के आयोजित रक्तदान शिविर में सचिन मित्तल, रमन, पंकज कुमार, सुधीर श्योराण, आनंद कुमार, सौरभ कुमार, रोहित डागर, अभिषेक, आशिष यादव, राकेश कुमार, लोकेश, गौरव आदि युवाओं ने रक्तदान कर एक महा दान किया है। दादरी एवं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आए हुए सभी मेहमानों का स्टाफ की तरफ से मैं आभार व्यक्त करती हूँ। बलराज फौगाट ने भी ढाणी फौगाट परिवार की तरफ से आए हुए सभी मेहमानों एवं खासकर से रक्तदान करने वाला का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

